आ0सं0:–भवन–13 / अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन / कालीकृत–07 / 2025.....दिनांक–

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग
आदेश

Construction of New Panchayat Sarkar Bhawan (Civil+Electrical work) at Bindaul Panchayat in Bihta Block Patna for year 2024-25 के निर्माण कार्य की प्रकाशित निविदा में Litigation History छुपाने के कारण संवेदक, M/s Harendra Construction, (Prop-Harendra Prasad Yadav), S/o-Ramesh Prasad Yadav, Tilakpura, Amahra, Patna-801118 को दोषी मानते हुए मुख्य अभियंता (पटना) का पत्रांक–1489(अनु०) दिनांक–12.06.2025 द्वारा इनके विरूद्ध बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली–2007 के तहत् कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी है।

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में आयोजित संवेदको के निलंबन / कालीकरण दिनांक–26.11.2025 को हुई बैठक में समिति द्वारा उक्त मामले में संवेदक, M/s Harendra Construction, (Prop-Harendra Prasad Yadav), S/o-Ramesh Prasad Yadav, Tilakpura, Amahra, Patna-801118 से स्पष्टीकरण पूछने का निर्णय लिया गया। तदालोक में विभागीय पत्रांक–11109(भ) दिनांक–12.12.2025 द्वारा स्पष्टीकरण पूछा गया। जिसका जवाब अप्राप्त ।

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में आयोजित संवेदको के निलंबन / कालीकरण दिनांक–17.02.2026 को हुई बैठक में समिति द्वारा संवेदक को स्मार पत्र देने का निर्णय लिया गया। तदालोक में विभागीय पत्रांक–2504(भ) दिनांक–13.03.2026 द्वारा स्मारित किया गया। जिसका जवाब अप्राप्त ।

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में आयोजित संवेदको के निलंबन / कालीकरण दिनांक–19.03.2026 को हुई बैठक में समिति द्वारा संवेदक को अंतिम स्मार पत्र देते हुए प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से भी सूचित करने का निर्णय लिया गया । तदालोक में विभागीय पत्रांक–3060(भ) दिनांक–30.03.2026 द्वारा स्मारित किया गया एवं पत्रांक–3086(भ)अनु० दिनांक–30.03.2026 को विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से प्रेस विज्ञप्ति भी प्रकाशित की गयी। तदोपरांत संवेदक से स्पष्टीकरण का जवाब प्राप्त हैं ।

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में आयोजित संवेदको के निलंबन / कालीकरण दिनांक–28.04.2026 को हुई बैठक में समिति द्वारा मुख्य अभियंता(पटना) से स्पष्ट अनुशंसा (कारण सहित) की मांग करने का निर्णय लिया गया । तदालोक में विभागीय पत्रांक–4267(भ) दिनांक–12.05.2026 द्वारा मंतव्य पूछा गया। जिसका जवाब प्राप्त ।

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में आयोजित संवेदको के निलंबन / कालीकरण दिनांक–06.10.2026 को हुई बैठक में समिति द्वारा उक्त मामले की गहन समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत संवेदक के निबंधन को तीन(03) वर्षो के लिए निलंबित करने का निर्णय लिया गया।

अतः समिति के उक्त निर्णय के आलोक में संवेदक, M/s Harendra Construction, (Prop-Harendra Prasad Yadav), S/o-Ramesh Prasad Yadav, Tilakpura, Amahra, Patna-801118 (Reg.No.-BCD-2250420 Class-II) को आदेश निर्गत होने की तिथि से तीन(03) वर्षो के लिए निलंबित किया जाता हैं ।

ह0 / –

(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–भवन–13 / अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन / कालीकृत–07 / 2025..... पटना,दिनांक–

स्पीडपोस्ट

प्रतिलिपिः–संवेदक, M/s Harendra Construction, (Prop-Harendra Prasad Yadav), S/o-Ramesh Prasad Yadav, Tilakpura, Amahra, Patna-801118 (Reg.No.-BCD-2250420 Class-II) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–भवन–13 / अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन / कालीकृत–07 / 2025.....पटना,दिनांक–

प्रतिलिपिः–सचिव के वरीय आप्त सचिव, भवन निर्माण विभाग / पथ निर्माण विभाग / जल संसाधन विभाग / लोक स्वास्थय अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / ऊर्जा विभाग / ग्रामीण कार्य विभाग / प्रबंध निदेशक बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना / मुख्य महाप्रबंधक(परियोजना), बिहार चिकित्सा सेवायें एवं आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना / सभी मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग / सभी अधीक्षण अभियंता / सभी कार्यपालक अभियंता,भवन निर्माण विभाग / मुख्य अभियंता योजना एवं विकास विभाग / मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0 / –

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक– भवन–13 / अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन / कालीकृत–07 / 2025.....9913 (4).... पटना,दिनांक– 16/10/25

प्रतिलिपिः–आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

16.10.25

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव